भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1110

10 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

लौह अयस्क की कीमतों में वृद्धि

1110. श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि लौह अयस्क की कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि भारतीय इस्पात उद्योग की आर्थिक दृष्टि से लाभप्रदता के लिए खतरा है;

(ख) क्या यह भी सच है कि लौह अयस्क की कीमतों में तेजी से वृद्धि के कारण गत छह महीनों के दौरान इस्पात की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि हुई है; और

(ग) यदि हाँ, तो लौह अयस्क के और इस्पात की कीमतों में वृद्धि का ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कौन-कौन से कदम परिकल्पित किए गए हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): किसी नियंत्रणमुक्त, खुले बाजार परिदृश्य में, घरेलू इस्पात की कीमत, माँग और आपूर्ति के बाजार संबंधी कारकों, कच्चे माल की कीमतों के रुझानों द्वारा निर्धारित होती है और वैश्विक दशाओं द्वारा प्रभावित होती है। वर्ष 2020-21 के दौरान लौह अयस्क और इस्पात की कीमतों का ब्यौरा नीचे तालिकाओं में दिया गया है। सरकार ने लौह अयस्क और इस्पात की माँग और आपूर्ति के असंतुलन को दूर करने के लिए उनकी घरेलू उपलब्धता में वृद्धि करने हेतु उनके उत्पादन को बढ़ाने के लिए उपाय किए हैं ताकि कीमतों को स्थिर करने में मदद की जा सके।

माह	**लौह अयस्क लंप का आधार मूल्य (रुपये/टन में) एफई 65.5%,6-40**
अप्रैल-20	2650
मई-20	2250
जून-20	2250
जुलाई-20	2450
अगस्त-20	2950
सितंबर-20	3250
अक्टूबर-20	3450
नवंबर-20	4000
दिसंबर-20	5200

(स्रोत: एनएमडीसी)

कुछ लौह और इस्पात वस्तुओं का घरेलू औसत मूल्य निम्नलिखित हैं:

मद	घरेलू औसत बाजार मूल्य	
	जनवरी'21 (रुपये/टन)	जुलाई'20 (रुपये/टन)
पिग आयरन	48198	35005
पेंसिल इन्गोट	47543	33555
वायर रॉड 8एमएम	60045	41970
राउंड्स 12एमएम	57440	41385
टीएमटी 10 एमएम	59870	41040
प्लेट्स 10 एमएम	67365	42963
एचआर क्वायल्स 2.00 एमएम	69803	44528
सीआर क्वायल्स 0.63 एमएम	79255	50603
जीपी शीट्स 0.63 एमएम	80090	57940
मेल्टिंग स्क्रैप एचएमएस-II	39083	26173
स्पंज आयरन (कोयला)	30905	22510

****